हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 26 जून 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

4 न्याय संहिता के नए कानून त्वरित न्याय और निर्णय को देंगे बढ़ावा : देवेन्द्र





## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ

**रायगढ़।** शहर के केलो विहार कॉलोनी में भागवत कथा का आयोजन मंगलवार को कलश यात्रा के साथ आरंभ हो गया। 25 जून को कॉलोनी की महिलाए पारंपरिक परिधान में केलो घाट पहुंचे और बाजे गाजे के साथ कलश भरकर कथा स्थल तक पहुंची। आज से भागवत कथा का आरंभ होगा।

### मगरमच्छ को पकड़कर ग्रामीणों ने दिया पार्क में



**अकलतरा ।** कोटमीसोनार के वार्ड क्रमांक 19 स्टेशन मोहल्ला में रविवार रात को कर्रानाला बांध से एक 9 फीट का विशालकाय मगरमच्छ बस्ती में घुस गया था जिसे ग्रामीणों के सूचना पर रात्रि में पहुंचकर चौकीदार परमेश्वर दास, मनीष गेंदले, फिरत पटेल के द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित पकड़ कर क्रोकोडायल पार्क में छोड़ा गया। रविवार की रात 11 बजे स्टेशन मोहल्ला के युवक प्रहलाद श्रीवास ने सबसे पहले विशालकाय मगरमच्छ को देखा प्रहलाद श्रीवास के द्वारा इसकी सूचना ग्राम के मगरमच्छ विशेषज्ञ सीताराम महाराज एवं ग्राम वासियों को दी गई। क्रोकोडाइल पार्क के कर्मचारियों एवं ग्राम वासियों की मदद से बड़ी मशक्कत से मगरमच्छ को रात 1 बजे पकड़ कर क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट किया गया। क्रोकोडायल पार्क कोटमी सोनार से बरसात आते ही मगरमच्छो के बच्चे जाली से बाहर निकलने लगे है। ग्राम वासियों ने बताया कि मगरमच्छों ने तलाब किनारे अंडे दिए हैं जो बरसात आते ही बिजली की कड़क से अंडा फूट जाता है। क्रोकोडायल पार्क के चारो किनारे में मगरमच्छ के बच्चे मिलते ही रहता है जिसे पार्क में छोड़ा जाता है। जिससे कोटमी सोनार के ग्रमीणों को तालाबो में निस्तार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वन विभाग को सूचना देने के बावजूद मगरमच्छ को संरक्षित करने कोई प्रयास नही किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा क्रोकोडायल पार्क में पांच लेयर में जाली लगाया गया है उसके बाद भी मगरमच्छ का बच्चा बाहर निकल रहा है। वन विभाग द्वारा क्रोकोडायल पार्क के लिए चार पहिया वाहन की खरीदी की गई है।

### बस दुर्घटना के आरोपियों को एक-एक साल की सजा

**जांजगीर-चांपा।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीन लोगों को गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी को एक एक वर्ष की सजा सुनाई गई है। उक्त फैसला न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सीमा कंवर ने सुनाया है।अभियोजना पक्ष से मिली जनकारी के अनुसार घटना 4 जुलाई 2019 सुबह लगभग 8 बजे लिंक रोड वार्ड नंबर 7 जाजगीर की है। घटना समय मामले प्रार्थी पवन अग्रवाल अपने आस्था प्राविजन स्टोर्स में बैठा था, उसी समय मिनी बस रंग पीला क्रमांक सीजी 11 एएल 1205 का चालक आरोपी योगेश चंद्र यादव बी.टी.आई चौक तरफ से लिंक रोड में तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पहले एक टाटा मैजिक क्र CG-11-E-2296 सफेद रंग को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे टाटा मैजिक प्रार्थी के दुकान के शटर को क्षतिग्रस्त कर दी। उसके बाद मिनी बस चालक वाहन को अनियंत्रित चलाते हुए पैदल जा रही एक शिक्षिका तरुणलता सोनी को बाइक क्रमांक 66-11-AM-6375 एवं एक सोल्ड हीरो लाल को भी टक्कर मारा। जिससे शिक्षिका सहित दोनो मोटर सायकल चालकों को भी चोट आई है ।

## 10 जुलाई तक शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन, तैयारी पूरी

# आज से फिर स्कूलों में दिखेगी बच्चों की चहल-पहल, होगा स्वागत

**प्रशासन के अधिकारी भी बच्चों का स्वागत और उनकी हौसला अफजाई करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तकरीबन डेढ़ महीने के लंबे अवकाश के बाद बुधवार से स्कूल खुलने जा रहे हैं। इसके साथ ही स्कूलों में बच्चों के शोरगुल और घंटी की आवाज सुनाई देने लगेगी। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के पहले दिन से लेकर 10 जुलाई तक सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाने की तैयारी की गई है। इसके अंतर्गत पहले दिन बच्चों का स्वागत, अध्ययन सामग्री का वितरण और संदेश वाचन होगा। शासकीय शालाओं में आज से प्रवेश उत्सव की शुरुआत होने जा रही है।

खास बात यह है कि इस बार प्रशासन के अधिकारी भी बच्चों का स्वागत और उनकी हौसला अफजाई करेंगे। इस बार का प्रवेशोत्सव कई तरह से खास रहने वाला है। प्रवेशोत्सव के शुभारंभ पर बच्चों के बीच सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, जिला पंचायत अध्यक्ष पहुँचेंगे। प्रवेशोत्सव के दौरान अलग अलग तरह की गतिविधियाँ की जाएँगी। प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों को भी जोड़ा जा रहा है। प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों को साल भर स्कूल आने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। अपने.अपने क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, समाजसेवी और बिजनेसमैन बच्चों के बीच पहुँचेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने बाकायदा अपील भी जारी की है।




### एडमिशन पर होगा पेरेन्ट्स का सम्मान

स्कूल के बाहर रहे चिन्हित बच्चों के प्रवेश पर उनके अभिभावकों का स्कूल में स्वागत किया जाएगा। स्कूलों में अभिभावकों के साथ स्कूल में संचालित गतिविधियों के बारे में चर्चा की जाएगी, जिसमें प्रमुख रूप से कक्षावार, विषयखण्ड, शैक्षणिक कैलेण्डर, अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया, अभिभावक शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। प्रवेश उत्सव की तरह की इस बार की शिक्षा व्यवस्था भी कुछ खास है। जिले के सरकारी स्कूलों में इस शैक्षणिक सत्र से नर्सरी की शिक्षा भी हासिल हो सकेगी। इससे पहले तक स्कूलों में सिर्फ पहली कक्षा से ही दाखिला होता रहा है। जानकारों का कहना है कि अब तक नर्सरी और केजी की शिक्षा के लिए अभिभावकों को निजी स्कूलों पर भी निर्भर रहना पड़ता था। नए सेटअप से व्यवस्थाएँ ज्यादा बेहतर हो सकेंगी। प्रवेशोत्सव के दौरान जनजागरूकता के लिए सरकारी स्कूलों की ओर से बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर अंक लाने वाले विद्यार्थियों का फोटो समेत प्रचार किया जाएगा। प्रवेशोत्सव के दौरान मुख्य द्वार पर सजावट करते हुए पहली बार प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का स्वागत भी किया जाएगा।

### क्रेडिट सिस्टम लागू करने की तैयारी

शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल क्रेडिट सिस्टम लागू करने पर विचार कर रहा है। इस सिस्टम के तहत बच्चों की स्कूल में उपस्थिति पर उन्हें क्रेडिट दिए जाएंगे। यह घंटों के आधार पर होंगे। अभी यह कॉलेज और सीबीएसई में पहले से लागू है। मंडल ने सीबीएसई और कॉलेजों से इसकी जानकारी देने के लिए पत्र लिखा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने क्रेडिट सिस्टम को पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छठीं, नौवीं व ग्यारहवीं में लागू करने की तैयारी की है। इस सिस्टम के तहत नौंवी में साल भर में 210 घंटे की पढ़ाई करने पर छात्रों को 40.54 क्रेडिट अंक मिलेंगे। यह क्रेडिट सभी विषयों में परीक्षा पास करने पर ही मिलेंगे। साल भर में एक कक्षा में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। अब बोर्ड ने इसकी प्रभावशीलता का परीक्षणए मूल्यांकन करने के लिए छठीए नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा में इन दिशा निर्देशों के एक पायलट कार्यान्वयन की योजना बनाई है। इसी की तर्ज पर मंडल इस इस पैटर्न पर अध्ययन कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इसकी हमने जानकारी मांगी है। कक्षा में उपस्थिति के आधार पर छात्र को क्रेरडिट अंक दिए जाएंगे। प्राप्त होने वाले क्रेडिट एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में जुड़ते रहेंगे।

**आंबा के 5 हजार बच्चों का स्कूल में दाखिला-** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के 6 वर्ष पूर्ण करने वाले 5397 बालक बालिकाओं को शाला में प्रवेश कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले के 3 से 6 वर्ष के आंगनबाड़ी के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में अनौपचारिक शिक्षा दी जाती है तथा जिले के 805 आंगनबाड़ी केन्द्र के 5 से 6 वर्ष के बच्चों को पास के स्कूल शिक्षकों के माध्यम से बालवाड़ी में प्रवेश कराया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों की सूची तैयार की गई है तथा स्कूल खुलते ही बच्चों को पास के स्कूलों में दाखिल कराये जाएंगे।



# डीसीएम ने किया निरीक्षण अनाधिकृत ब्रांड पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- अमानक सामाग्री जब्त, तीन स्टॉलों पर अर्थदंड की कार्रवाई

रेलवे स्टेशन में स्थित स्टॉलों में बिक रहे खाद्य व पेय पदार्थ की जांच करने के लिए मंगलवार को डीसीएम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्लेट फार्म नंबर 1 पर 2 स्टॉल व प्लेट फार्म नंबर 2 पर 1 स्टॉल पर अनाधिकृत खाद्य व पेय पदार्थ विक्रय करने पर जुर्माना लगाते हुए सामाग्री को जब्त किया। इस दौरान स्थानीय वाणिज्य निरीक्षक सहित स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

मंगलवार को डीसीएम एस भारतीयन व निरीक्षक रजनीश स्वामी रेलवे स्टेशन में बिक रहे खाद्य व पेय पदार्थो के निरीक्षण में पहुंचे थे। जहां उन्होंने प्लेट नंबर 1 से 2 व 3 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेट फार्म नंबर 1 पर दो स्टॉल में अमानक पेय पदार्थ की बिक्री पर जुर्माना करते हुए सामाग्री को जब्त किया। वहीं प्लेट फार्म नंबर 2 पर भी इसी तरह की कार्रवाई की गई।

### अवैध वैडिंग पर कार्रवाई करने दिए निर्देश

निरीक्षण करने पहुंचे डीसीएम से मुलाकात करते हुए हरिभूमि रिपोर्टर ने उन्हें रेलवे स्टेशन में चल रहे अवैध वैडिंग से जुड़े कुछ सबूत भी से भी अवगत कराया। ऐसे मे उन्होंने स्टेशन मास्टर सहित वाणिज्य निरीक्षक सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को इस पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित भी किया।

### बंद मिले स्टॉल

अहम बात यह रही कि इस निरीक्षण की सूचना होने और अधिकारियों ने रायगढ़ स्टेशन में पहुंचने की सूचना मिलते ही कुछ स्टॉल संचालक जुर्माने की कार्रवाई से बचने के लिए अपने स्टॉल बंद कर स्टेशन से गायब हो गए। ऐसे में जब अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे तो स्टॉल बंद मिले।

# ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में संस्कार स्कूल ने जीते पांच गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बिलासपुर में आयोजित ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप .2004 में संस्कार स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच गोल्ड मैडल हासिल किए। इस चैंपियनशिप में देश के 7 राज्यों से आए खिलाडिय़ों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इन सबके बीच संस्कार के बच्चों ने जीत का परचम लहराते हुए अपने शानदार खेल से सबका दिल जीत लिया।

संस्कार स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि शोतोकान कराते डू इंडियन एसोसिएशन ने 22 व 23 जून को बिलासपुर में ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप 2004 का आयोजन किया था, जिसमें छत्तीसगढ़ समेत उत्तरप्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा के खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में संस्कार स्कूल रायगढ़ के बच्चे भी अपने कोच के साथ शामिल हुए और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में संस्कार स्कूल के बच्चों ने अलग.अलग कैटेगरी में पांच गोल्ड मैडल पर कब्जा किया। इसमें संस्कार स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र शेख हमादुल्लाह ने काता व कुमिते दोनों में गोल्ड मैडल जीते। कक्षा पहली की छात्रा प्रकृति मानिकपुरी ने काता में गोल्ड मैडल हासिल किया। इसी तरह कक्षा 10वीं के छात्र शाश्वत दुबे ने कुमिते में गोल्ड मैडल जीता।

### बस की टक्कर से वृद्ध घायल, इलाज जारी

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटेलपाली के पास सिटी बस की ठोकर से बाइक सवार वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना मिलने पर जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल लाया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पदूमलोचन मिश्रा पिता बालमुकुंद मिश्रा उम्र 65 वर्ष निवासी बरिहापाली बरगढ़ रायगढ़ में अपने किसी रिश्तेदार के यहां मेहमानी में आया था। रायगढ़ से चंद्रपुर मार्ग पर जाते वक्त उसे सिटी बस के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसी बीच सूचना मिलने पर जूटमिल पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# विवाह पूर्व सिकलसेल की कुंडली मिलान, रोकथाम में कारगर



**सारंगढ़।** राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन के तहत जिले को 40 वर्ष से कम आयु के 422000 लोगों के सिकलसेल जांच करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा अभी तक 190000 लोगो का जांच किया जा चुका है।

19 जून 2024 को आयोजित जिला स्तरीय विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के द्वारा जांच अभियान चलाने के निर्देश के परिपालन में जिले में 19 जून से 3 जुलाई तक सिकल सेल जांच हेतु विशेष अभियान चलाई जा रही है। कलेक्टर धर्मेश साहू सिकल सेल की वीसी बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणीग्राही, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बनर्जी, डीपीएम एन एल इजारदार उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दिया गया कि सिकल सेल से उत्पन्न बीमारी सिकलिन की रोकथाम युवा अपने जीवनसाथी के चयन के समय कर सकते हैं। जिस प्रकार आपस में शादी के पूर्व परिचय और गुण का मिलान करते हैं उसी प्रकार स्वास्थ्य की दृष्टि से युवक युवती का सिकल सेल जांच का मिलान किया जाना चाहिए ताकि भावी पति पत्नी के बच्चे में सिकलिन की बीमारी उत्पन्न नही हो। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि राज्य से मिले लक्ष्य मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना है, परंतु यथासंभव जल्दी पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

# न्यायालयों में 13 जुलाई को होगी नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई 2024 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया है।

सिविल और राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगे, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भाण्दण्सं एवं कोविड.19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारेए वारिसों के मध्य बंटवारेए याददाश्त के आधार पर बंटवारे कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही आदि मामले रखे जाएंगे।

# प्रभारी पटवारी और आरआई के मोबाइल नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के एक पटवारी उमेश पटेल के निलंबन के बाद पटवारी संघ के कुछ पटवारी उनके समर्थन में हड़ताल पर हैं, उनके प्रभार राजस्व निरीक्षक आरआई और अन्य कार्यरत पटवारियों को कलेक्टर के पत्र पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ के द्वारा सौंपा गया है। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ तहसील के राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को सौंपे गए पटवारी हल्का नंबर के कार्य के लिए उनके मोबाइल नंबर जारी किए हैं, जिससे ग्रामीणों और शहरी नागरिकों को पटवारी संबंधी कार्य में सहूलियत होगी। पटवारी संबंधी कार्यों में आय, जातिए निवास प्रमाण पत्र, नकल, बिक्री नकल, फौती नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, फर्द बंटवारा, मौका निरीक्षण, रिकॉर्ड दुरुस्ती, रिकॉर्ड शुद्धिकरण के लिए जिले के नागरिक संबंधित राजस्व निरीक्षक आरआई से संपर्क कर सकते हैं। इनमें देवमती सिदार राजस्व निरीक्षक मोबाइल नंबर 9406220150 को पटवारी हल्का नंबर 28.सारंगढ़, 60.कुटेला, चन्दाई.21, कोतरी.26, 42.टिमरलगा, गुडेली, धौराभांठा.63 का कार्य सौंपा गया है। दीपक पटेल राजस्व निरीक्षक मोबाइल नंबर 8085644448 को पटवारी हल्का नंबर 24.उलखर, 25.रेड़ा, 33.हरदी, 7.गन्तुली छोटे, 34.खैरा छोटे, 23.गाताडीह और 62.सुन्दराभांठा का कार्य सौंपा गया है। मोण इदरीश, राजस्व निरीक्षक मोबाइल नंबर 6263132611 को पटवारी हल्का नंबर 53 कपरतुंगा, 54 छातादेई, 55.अचानकपाली, 56.खम्हारपाली, 66.घठोरा का कार्य सौंपा गया है। पटवारी कृष्ण कुमार साहू मोबाइल नंबर 9425574354 को 17.भडीसार, 64.केडार, 20.कुधरी, 22.गोडिहारी, पटवारी ऋषि कुमार सिन्हा मोबाइल नंबर 7987683702, को 49.गोड़ा, 46.सिंगारपुर, 47 माधोपाली, 52.परसदा छोटे का कार्य सौंपा गया है। पटवारी रॉबिन्स भारद्वाज मोबाइल नंबर 8109095390 को 40.कपिस्दा ब, 37.घठुला छोटे, 38.भीखमपुराए 39.ग्बालीनडीह, 41.गोड़म, 44.अमझर, 45.फर्सवानी का कार्य सौंपा गया है।

# राज्य समन्वयक ने किया स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का निरीक्षण




**सारंगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन की राज्य समन्वयक मोनिका सिंह सारंगढ़ बिलाईगढ़ के दौरे में रहीं। उन्होंने जिले के स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के लिए परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान सीईओ जनपद पंचायत एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों को आग्रह की। विशेष रूप स्वच्छाग्राहियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए सेनेटरी पैड का उपयोग एवं सुरक्षित निपटान के बारे में बताया गया। एफएसएम सेंटर में केना इंडिका का पौधा लगाने के लिए चर्चा किया गया। राज्य समन्वयक मोनिका सिंह ने ग्राम पंचायत घटौरा के आश्रित ग्राम करगीडीपा और ग्राम पंचायत कोतरी के स्वच्छता समूह से चर्चा की। इसके अंतर्गत घरों से निकलने वाले सूखा एवं गीले कचरे को अलग अलग करने तथा संग्रहण करने के संबंध में चर्चा की गई साथ ही पृथक्करण शेड, सामुदायिक शौचालय एवं मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया गया।

## चोरी की 7 मोटर सायकल सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

# प्लांट में वेल्डर व फिटर का काम करने की आड़ में करते थे चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्लांट में ठेका प्रथा के तहत फीडर व वेल्डर का काम करने की आड़ में मोटरसाइकिल की चोरी करने वाले 3 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में कोतरा रोड पुलिस को सफलता मिली है। तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरी गई 7 मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

इस संबंध में कोतरा रोड थाने में बीते 20 जून को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एक्स 4228 की चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जब इस मामले में पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की गई तो सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के दौरान कुछ सुराग हाथ लगे। सीसीटीवी फुटेज में एक संदेही युवक नजर आया, जिसकी फोटोग्राफ्स मुखबिरों तक पहुंचाई गई। इसी बीच एक मुखबिर ने थाना प्रभारी को बताया कि उसने चोरी गई उक्त बाइक को ग्राम उच्चभिट्टी निवासी राकेश कुमार चंद्रा के पास देखा है, जिसने चोरी गई बाइक को छिपा कर रखा है। जिसके बाद कोतरारोड़ पुलिस द्वारा किरोड़ीमल नगर आजाद चौक के पास संदेही राकेश कुमार चंद्रा को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी अखिलेश कश्यप मूल निवासी ग्राम जोबी, नैला हाल मुकाम किरोड़ीमल नगर के साथ 07 बाइक चोरी करने का जुर्म कबूल किया। आरोपी राकेश ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने इस बाइक को पतरापाली स्थित जिंदल कंपनी के पार्किंग से चोरी किया था। आरोपी राकेश कुमार चंद्रा डोरीलाल उम्र 18 साल निवासी गलगलाडीह ने 03 बाइक अपने पास और 02 बाइक को उसका साथी अखिलेश कश्यप तथा चोरी के 02 बाइक को उसके चाचा मनोज कुमार चंद्रा के पास बिक्री कर रखने की बात कबूल की।



कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार चंद्रा के कब्जे से मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 एक्स 4228 सहित अन्य चोरी गए मोटसाइकिल जब्त किया गया है। आरोपी राकेश चंद्रा से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अखिलेश कुमार कश्यप पिता हरगोविंद कश्यप हाल मुकाम किरोड़ीमल नगर कोतरारोड़ को गणेश चौक किरोड़ीमल नगर उसके किराए मकान पर दबिश देकर हिरासत में लिया गया। अखिलेश कश्यप से 2 बाइक जब्त किया गया। जिसके पश्चात पुलिस टीम ने मनोज चंद्रा पिता मनहरण लाल उम्र 37 साल ग्राम गलगलाडीह थाना जैजपुर के निवास पर दबिश दी जहां आरोपी से 2 और बाइक बरामद कर जब्त किया।

### इस तरह करते थे चोरी

इस संबंध में प्रेसवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने बताया कि आरोपी राकेश कुमार चंद्रा तथा अखिलेश कुमार कश्यप स्थानीय प्लांट में ठेकेदार के अधीन वेल्डर और फीटर का काम करते थे। दोनों रायगढ़ से बाइक चोरी कर आरोपी राकेश कुमार के चाचा मनोज चंद्रा को खपाते थे। मनोज चंद्रा पूर्व में बोलेरो चोरी के मामले में भी संलिप्त था। दोनों आरोपी बड़े शातिर तरीके से लॉक को तोड़कर और व्हीकल स्टार्ट पांइट शॉर्ट कर स्टार्ट कर लिया करते थे।

### 7 मोटरसाइकिल जब्त की गई

एक बाइक की चोरी के मामले में जांच करने के दौरान ही इन सब बाइक चोरी की जानकारी मिली और जांच के दौरान ही तीनों आरोपी व चोरी गई 7 मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जिसकी कीमत करीब 5 लाख 30 हजार रूपए आंकी गई।

-आकाश मरकाम
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रायगढ़।



25-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2a_Layout 1 6/25/2024 7:53 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### शासकीय कन्या शाला शिक्षा परिसर में प्रवेश परीक्षा की बढ़ाई गई तिथि

**सूरजपुर।** शासकीय कन्या शाला शिक्षा परिसर में छात्राओं के प्रवेश की तिथि में संशोधन किया गया। जिसमें रिक्त सीट के लिए प्राप्त फार्म की संख्या कम होने के कारण परीक्षा फॉर्म वितरण तथा जमा करने की तिथि 29 जून तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 5 जुलाई तक बढ़ाई गई है। कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए 5वीं एवं 8वीं में ए ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 10 वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा 6 वीं में अ.जा. के 5 सीट, अ.ज.जा के 28 सीट व सामान्य वर्ग के 2 सीट रिक्त है। कक्षा 9 वीं में अ.जा. के 3 सीट व अ.ज.जा के 9 सीट रिक्त है। कक्षा 11 वीं में अ.जा. के 3 सीट व अजजा के 2 सीट रिक्त है।

### बच्चों को सनातन संस्कृति सिखाने पहली बार हुई कार्यशाला



**सूरजपुर।** नगर के अग्रवाल महिला मंडल व मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा द्वारा नगर के सत्संग भवन में सनातन धर्म की शिक्षा शिविर का आयोजन किया। शिविर का समापन नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल सहित नगर के वरिष्ठ लोगों के आतिथ्य में संपन्न हुआ। शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सनातन संस्कृति व संस्कार के प्रति बच्चों में जागरूकता व उनके आत्मबल के विकास के लिए सनातन धर्म की शिक्षा के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। चार दिनों तक चले शिविर का समापन नपा अध्यक्ष केके अग्रवाल, भोला प्रसाद अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल, अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश गर्ग के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने बच्चों से सनातन शिविर में सनातन धर्म की शिक्षा पर पहली बार हुए इस तरह के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा को मात्र शिविर तक ही न सीमित रखें, बल्कि अपनी दिनचर्या में इसे शामिल करें। आज की पीढ़ी को सनातन की शिक्षा देने का काम करने वाली संस्था की अतिथियों ने सराहना की। सनातन धर्म की शिक्षा की अलख जगाने वाले रायगढ़ से पधारे पंडित रानू महाराज की अतिथियों ने उनके इस अभियान नन्हें कदम सनातन की ओर की सराहना की। अतिथियों ने शिविर में शिक्षा प्राप्त किए बच्चों और अंतिम दिवस आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता गर्ग, माही गोयल व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली वैभवी विश्वकर्मा व नव्या अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुकेश गर्ग, श्रीमती लता गोयल, ललिता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रेखा गोयल, सपना अग्रवाल, कमलेश गोयल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम बुढ़ाडांड़ निवासी अभनू पैकरा आ. स्व. जतरू (51 वर्ष) रविवार की सुबह अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार दौरान बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### नवपदस्थ जयनगर थाना प्रभारी नरेंद्र ने संभाला पदभार

**बिश्रामपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशानुसार सोमवार को नवपदस्थ टीआई नरेंद्र



सिंह ने जयनगर थाना पहुंचकर पदभार संभाल लिया है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे द्वारा जिले की कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से कई थाना व चौकी प्रभारी का तबादला आदेश जारी किया गया था, उक्त आदेश अनुसार रक्षित केंद्र में पदस्थ निरीक्षक नरेंद्र सिंह को जयनगर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।जारी हुए आदेश के परिपालन में सोमवार को नवपदस्थ टीआई नरेंद्र सिंह ने जयनगर थाना पहुंचकर यहां पर थाना प्रभारी का पदभार संभाल लिया है।

### खड़े वाहन से टकराया पिकअप सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा वाटर फॉल के समीप सड़क किनारे खड़े वाहन से पिकअप टकरा गई। दुर्घटना में चालक व सवार एक युवक घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कटकोना निवासी बाबूलाल साय आ. कवल साय (38 वर्ष) रविवार को गांव के ही परिचित के पिकअप से किसी काम के सिलसिले में दरिमा वाटर फॉल की ओर जा रहे थे। जैसे ही चालक पिकअप लेकर वाटर फॉल के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़े डंपर वाहन से टकरा गए। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बाबूलाल की मौत हो गई जबकि चालक का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## दो सालों से चल रहा था निर्माण, घाट की घुमावदार सड़क हुई सीधी

# एनएच-43 पर लम्बे इंतजार के बाद लुचकी घाट के नवनिर्मित बायोडक्ट से शुरू हुआ आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

लम्बे इंतजार के बाद एनएच 43 स्थित लुचकी घाट स्थित बायोडक्ट का निर्माण पूरा होने के बाद आवागमन प्रारम्भ कर दिया गया है। बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने से अब घाट के खतरनाक मोड़ों एवं संकरी सड़क से मुक्ति मिल गई है तथा सफर आसान हो गया है।

**खास बात**
- घाट के खतरनाक मोड़ों के कारण आए दिन होती थी दुर्घटनाएं, लगता था जाम

शहर से सटे लुचकी घाट में आए दिन सड़क जाम की स्थिति निर्मित होने के साथ ही भीषण दुर्घटनाएं होने के कारण शासन ने लुचकी घाट के खतरनाक मोड़ों को हटाने एवं सड़क को सीधी करने के उद्देश्य से एनएच 43 में बायोडक्ट निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। एनएच 43 के निर्माण में लम्बा समय लगने के कारण लम्बे समय तक बायोडक्ट निर्माण का कार्य अटका रहा। कोविड काल में लम्बे समय तक निर्माण बंद रखने के बाद बायोडक्ट निर्माण की पहल शुरू हुई। इस बीच कई व्यवधान आने के कारण निर्माण प्रभावित रहा वहीं लम्बे समय तक धीमी गति से निर्माण चलता रहा। अंततः दो वर्ष में बायोडक्ट का निर्माण पूरा हुआ। बायोडक्ट बनने के बाद पास की सड़क बनाने में भी लम्बा समय लगा। अंततः शुक्रवार को बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ किया गया। बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने से अब लोगों की यात्रा आसान हो गई है। घाट के खतरनाक मोड़ों से गुजरे बिना ही यात्री सीधी सड़क से सफर कर रहे हैं। अब घाट पर दुर्घटनाएं होने की संभावना भी कम हो गई है। फिलहाल आधी सड़क का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण आधी तैयार सड़क से दोनों तरफ के यात्री सफर कर रहे हैं। अधिकारी एक पखवाड़े के भीतर शेष बचे निर्माण को पूरा कराने का दावा कर रहे हैं। आधी अधूरी सड़क दो स्थानों पर 160 मीटर लम्बी सड़क का निर्माण शेष है।



नवनिर्मित बायोडक्ट से आवागमन करते यात्री।

### 270 मीटर लम्बा है बायोडक्ट

सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों में अनेक खतरनाक पहाड़ियां हैं। इन पहाड़ों के खतरनाक मोड़ों से होकर सफर करना पड़ता है। इनमें घाट पेंडारी, दलधोवा घाट, लोरोघाट, बेलाघाट, जमदुआरी घाट एवं लुचकी घाट राजमार्गों से जुड़े हैं। इन खतरनाक घाटों पर आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होती है। दुर्घटनाओं की दृष्टि से घाट पेंडारी को बेहद खतरनाक माना जाता है। शासन द्वारा सरगुजा संभाग में एकमात्र लुचकी घाट में सड़क को सीधी करने 20.15 करोड़ की लागत से विशाल पुल का निर्माण किया गया है। बायोडक्ट 270 मीटर लम्बा एवं 14 मीटर चौड़ा है। पुल पर 11 मीटर चौड़ी सड़क के साथ दोनों ओर पैदल चलने के लिए 1.5-1.5 मीटर का फूटपाथ बनाया गया है। पुल में 9 पिलर एवं 34 मीटर में 8 स्पौन लगाए गए हैं।

### अब बाईपास सड़क का इंतजार

शासन द्वारा आवागमन को आसान बनाने एवं शहर में भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के उद्देश्य से एनएच 43 में अलग-अलग स्थानों पर 4 बाईपास सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। सड़क निर्माण टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सीतापुर एवं पत्थलगांव के अतिरिक्त दो बाईपास सड़के शहर में प्रस्तावित है। संजय नगर से रजपुरी खुर्द तक 14 किमी लम्बी एवं संजय नगर साडंबार होते हुए दरिमा मोड़ तक 15 किमी लम्बी बाईपास सड़क प्रस्तावित है। बाईपास सड़क शहर के बाहर-बाहर सभी सड़कों को रिंगरोड की तरह जोड़ देगी। इससे लम्बी दूरी के वाहन शहर में घुसे बिना अपने गंतव्य की ओर रवाना हो जाएंगे।

### जाम से मिलेगी मुक्ति

लुचकी घाट के खतरनाक मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं तो होती ही थी, लम्बी दूरी के भारी वाहनों के खराब होने एवं दुर्घटनाएं होने पर सड़क जाम होने के कारण घंटों आवागमन बाधित होता था। बायोडक्ट बनने के बाद अब इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होगी। घाट की सड़क सीधी होने के कारण तीन खतरनाक मोड़ों से मुक्ति मिल गई है। अभी भीड़ से बचने लोग पुरानी सड़क से भी सफर कर रहे हैं जिसे निकट भविष्य में बंद कर दिया जाएगा।

### जारी है आवागमन

बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ कर दिया गया है। यात्री सुरक्षित तरीके से सफर कर रहे हैं। एक पखवाड़े के भीतर शेष बचे निर्माण को पूरा कर लिया जाएगा।

-नीतेश तिवारी
ईई, एनएच



विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

## संभाग स्तरीय शतरंज में गौतम बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सरगुजा शतरंज संघ द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन ननि सभापति अजय अग्रवाल सीनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, शतरंज संघ बलरामपुर के अध्यक्ष हरीश मिश्रा के आथित्य में रविवार को किया गया। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में अंबिकापुर के गौतम केशरी विजेता जबकि अजीत जायसवाल उप विजेता बने। तीसरा स्थान चिरमिरी के दीपांकर सेन गुप्ता ने प्राप्त किया।

जूनियर बालक वर्ग में अंबिकापुर के यीजनांश गुप्ता विजेता एवं बिश्रामपुर के मनविंदर सिंह उपविजेता रहे, ऋषिकांत दुबे ने तीसरा पाया। बालिका वर्ग में अंबिकापुर की स्नेहा गुप्ता विजेता, प्रतापपुर की राखी उप विजेता एवं अंबिकापुर की वर्तिका तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अण्डर-15 बालक वर्ग में अंबिकापुर के नैतिक अग्रवाल विजेता, रोहन गुप्ता उप विजेता एवं कोरिया के श्रेयांश मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कोरिया की आफरीन विजेता, अंबिकापुर की मेधांशी तिर्की उप विजेता एवं सूरजपुर की अनन्या राय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अण्डर-9 बालक वर्ग में सूरजपुर के अरूप कुमार रे विजेता, बलरामपुर के सृहन गुप्ता उप विजेता एवं कोरिया के मृगांक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कोरिया की याशिका प्रथम, अंबिकापुर की परिधि गुप्ता उप विजेता एवं न्यासा यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार अंबिकापुर की सेजल सिंह को मिला। सर्वश्रेष्ठ वेटरन खिलाड़ी कोरिया के अशोक कुमार सिंह रहे। विजेताओं को पुरस्कार में 36000 रूपए की राशि के साथ ट्रॉफी और मोमेंटो प्रदान किए गए। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ननि सभापति श्री अग्रवाल ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा सरगुजा मे शतरंज खेल में अपार संभावनाएं हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में सरगुजा शतरंज संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, सचिव हेमंत खूंटे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता का संचालन अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर अनीश अंसारी ने किया। सहायक निर्णायक का दायित्व रामकुमार और दीपक सिंह ने निभाया। प्रतियोगिता विश्वनाथ मनियन के संयोजन एवं शेष रतन जायसवाल के निर्देशन में हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सह सचिव एस के वैष्णव, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा, एसएसपी वर्मा, एसएम कुरैशी, दीपेन्द्र यादव, कुसुम यादव, सत्यम द्विवेदी,रानी गुप्ता, योगेंद्र गुप्ता, विश्वास तिवारी, विजय जांगड़े सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

### खिलाड़ियों के बीच पहुंचे उच्च शिक्षा सचिव प्रसन्ना

सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित बास्केटबॉल लीग में प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर प्रसन्ना शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। बता दें कि सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा बास्केटबॉल लीग का आयोजन 22 से 24 जून तक गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में किया गया है। बालक-बालिका वर्ग में अंडर 14 और अंडर 17 के खिलाड़ियों के बीच आयोजित प्रतियोगिता में कुल 140 खिलाड़ी शामिल हो रहे है। आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल में खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया गया।

## अधिकारियों ने विहान समूह की गतिविधियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनपुर

मनरेगा के मुख्य अभियंता विनय गुप्ता एवं एनआरएलएम के सीईओ ओ ऐलिस लकड़ा सरगुजा जिले में चल रहे कार्यों के निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने लखनपुर विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायत कटिंदा में अमृत सरोवर और बिहान समूह की गतिविधियों का निरीक्षण किया।

मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य अभियंता विनय गुप्ता एवं एनआरएलएम सीईओ ओ एलिस लकड़ा अधिकारियों के साथ ग्राम कटिंदा पहुंचे जहां उन्होंने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया साथ ही बिहान समूह की महिलाओं से मुलाकात कर महिलाओं के व्यक्तिगत गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंक सखी कार्यों एवं वर्तमान में बीमा संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बिहान समूह की परित्यक्ता फजीरून निशा की किराना दुकान एवं फोटो कॉपी मशीन दुकान का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने समूह से जुड़ी महिला अनुराधा प्रजापति के ऑटो का निरीक्षण किया।बिहान समूह से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं।निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे, बिहान योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुभाष मिश्रा, बीपीएम मनोज किस्पोट्टा, प्रदान संस्था से विकास टंडन एवं बिहान समूह की महिलाएं और बैंक सखी मौजूद रही।



### घर में लकवाग्रस्त वृद्ध की जलने से हुई मौत

**बिश्रामपुर।** लकवाग्रस्त एक वृद्ध की रविवार को घर में जलकर मौत हो गई है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पेंडरखी निवासी 75 वर्षीय जंगी दास पिता गंवटिया दास पिछले तीन महीने से लकवाग्रस्त बीमारी से पीड़ित था। वृद्ध को घर में देखरेख का कार्य उसका भतीजा लक्ष्मण दास करता था। इसी बीच रविवार की दोपहर में वृद्ध के बिस्तर में आग लगने से उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### कलेक्टर के शिक्षा संदेश को घर-घर बांट रहे शिक्षक



**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में डीईओ राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में तथा प्रधानपाठक सीमांचल त्रिपाठी के नेतृत्व में संस्था की शिक्षिका श्रीमती एम. टोप्पो एवं प्राथमिक शाला रुनियाडीह की सहायक शिक्षिका कुमुदिनी द्वारा कलेक्टर रोहित व्यास के संदेश को अध्यनरत व नवप्रवेशी बच्चों के घर-घर तक जाकर पालकों को उपलब्ध कराते हुए कम पढ़े लिखे हुए पालकों को संदेश को पढ़कर सुना भी रहे हैं।गौरतलब है कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत शैक्षणिक सत्र 26 जून से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर नौनिहालों का शैक्षणिक परिवार में स्वागत कर केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं को शासकीय शालाओं के कक्षा 1 से 10 तक की कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, कक्षा एक से आठ तक की कक्षा में अध्यनरत छात्रों को निःशुल्क गणवेश एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत पौष्टिक भोजन तथा कक्षा 9 वीं के अध्यनरत बालिकाओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना और छात्रवृत्ति की विभिन्न योजनाएं शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु संचालित है।

## हार्डवेयर दुकान के कर्मचारियों ने चोरी कर सामान बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

गांधीनगर पुलिस ने हार्डवेयर दुकान में चोरी करने के मामले में एक नाबालिग समेत दो चोरों और पांच खरीददारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दुकान में काम करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया और फिर उन्हें बेचने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों से एक लाख रुपए का सामान बरामद किया है।

- एक नाबालिग समेत दो चोर व पांच खरीददार गिरफ्तार, एक लाख का सामान बरामद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बनारस चौक निवासी राम निवास अग्रवाल की बनारस चौक जवाहर मार्केट में ओम ट्रेडर्स ग्लास एवं हार्डवेयर की दुकान संचालित है। दुकान में काम करने वाले कर्मचारी संदीप एक्का व एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक द्वारा काम करने के दौरान एल्युमिनियम जाली 6 बंडल, एशियन इम्लसन पेन्ट 29 लीटर, एशियन इनामेल पेन्ट 12 लीटर, एशियन डिस्टेम्पर 5 किलो, स्क्रू 12 डिब्बा व समेत लगभग 1 लाख रुपए का सामान पार कर दिया। व्यवसायी द्वारा 22 जून को घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा जांच उपरान्त मानिकप्रकाशपुर निवासी 24 वर्षीय संदीप एक्का व नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार नाबालिग आरोपी ने रमेश अग्रवाल कों 29 लीटर एशियन इम्लसन पेंट, एशियन इनामेल पेन्ट 12 लीटर एवं 1 बंडल एलम्यूमिनियम जाली 1 हजार रुपए में बेचा जबकि नाजीर आलम को 7 डब्बा कब्ज़ा 500 रुपए, ऋषभ गुप्ता कों 2 बंडल एल्युमिनियम जाली कों 3 हजार रुपए में एवं आकाश गुप्ता कों फिनोलेक्स वायर खुला बंडल कों 12 सौ रुपए में बेच दिया। नाबालिग ने बेचे गए रकम को खाने पीने में खर्च होने की बात कहीं। वहीं आरोपी संदीप एक्का से दुकान से चोरी किये गए सामान के बारे में पूछताछ करने पर 2 बंडल एल्युमिनियम जाली कों नालापारा निवासी पप्पू शर्मा कों 58 सौ रुपए में एवं 1 बंडल जाली कों स्वयं उपयोग करने हेतु किराया रूम में रखने की जानकारी दी। जाली बेचने से प्राप्त नगद को आरोपी ने खर्च कर दिया।



आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने छापेमारी कर बनारस चौक निवासी 54 वर्षीय रमेश अग्रवाल, रसूलपुर बरेज तालाब निवासी 28 वर्षीय नाजीर आलम, बौरीपारा शिकारी रोड निवासी 30 वर्षीय ऋषभ गुप्ता, महाराजा गली निवासी 28 वर्षीय आकाश गुप्ता, नालापारा निवासी 30 वर्षीय पप्पू शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने आरोपी संदीप एक्का व विधि से संघर्षरत बालक से चोरी का सामान खरीदना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि विनय सिंह, प्रधान आरक्षक विपिन तिवारी, आरक्षक उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, घनश्याम देवांगन, सतीश शामिल रहे।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** एटीएम कार्ड बदलकर एक लाख चार हजार रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद हरियाणा से एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि उसके साथियों की तलाश की जा रही है। आरोपी जगह जगह घूमकर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ निवासी दुर्गावती तिग्गा 18 मई को अपने पति के साथ किसी काम से शहर में आई थी। इस दौरान महिला बिलासपुर चौक स्थित एसबीआई के एटीएम में पैसा निकालने गई थी। महिला ने दस हजार रुपए की नगद निकासी की। इसी दौरान पीछे खड़े एक व्यक्ति ने ट्रांजैक्शन के बीच में टोककर मोबाइल फोन में ओटीपी आने की बात कही और उनका ध्यान भटककर एटीएम कार्ड को बदल दिया। इसी बीच उनके खाते से 1 लाख 4 हजार रुपए आहरित होने का मैसेज आया जिसके बाद उन्हें एटीएम कार्ड बदलने और ठगी होने की जानकारी हुई। महिला ने 21 मई को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आस पास सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान एक बलेनो कार क्रमांक एचआर 86 बी 0528 संदिग्ध रूप से नजर आई। ऐसे में पुलिस टीम को हरियाणा के राजथल रवाना किया गया था। पुलिस ने हरियाणा से बलेनो कार को जब्त किया लेकिन आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा हरियाणा में मुखबिर की तैनाती तकनिकी सहायता से हरियाणा के हासी नारनौद के ग्राम राजथल निवासी 32 वर्षीय सुरेश उर्फ कबिरा आ. प्रह्लाद सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और वे दीगर राज्य व जिलों में घूम घूमकर एटीएम कार्ड बदलकर ठगी की घटना को अंजाम देते है। पुलिस ने आरोपी से 20 हजार रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

- हरियाणा से पकड़ा गया आरोपी, 20 हजार रुपए नगद बरामद



### पिकअप से उतरते समय फिसलकर गिरा मजदूर, मौत

**राजपुर।** पिकअप से उतारते समय गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम खोड़रो निवासी बेन्दु कंवर का खोड़रो और अंबिकापुर में मकान है। युवक आज अपना घर के छप्पर को छवाने के लिए अपने ही गांव से चार मजदूरों को लेकर पिकअप से अंबिकापुर जा रहा था। घर से कुछ दूर निकलने के बाद किसी काम से लिए पिकअप को युवक ने रोका था इसी दौरान पिकअप से उतरते समय ग्राम खोड़रो निवासी मजदूर 40 वर्षीय करण साय आ. खुना साय फिसलकर सिर के बल गिर गया।

इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## नगर में टैंकर के माध्यम से की जा रही जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

कनहर नदी को सूखे 80 दिन से अधिक हो गय। नदी के सूखने के पहले दिन से ही नगर में नियमित जल प्रदाय व्यवस्था करना नगर पंचायत के सामने बड़ी चुनौती थी। परंतु 80 दिनों मे नियमित पेयजल सप्लाई एक दिन भी बाधित नहीं हुई पेयजल सप्लाई कम जरूर हो गया। नगर पंचायत द्वारा नगर में टैंकर के माध्यम से भी जल आपूर्ति की जा रही है।

गौरतलब है कि अप्रैल के पहले सप्ताह से ही कनहर नदी पूर्णत सूख गया था जिससे नगर में नियमित जल प्रदाय व्यवस्था करना नगर पंचायत के सामने बड़ी चुनौती थी। परंतु नगर पंचायत द्वारा नदी में पोकलेन मशीन से डबरी निर्माण कराकर जल आपूर्ति को बाधित नहीं होने दिया यहां तक की डबरी का निर्माण के बाद भी डबरी के आकार को कई बार नगर पंचायत द्वारा बड़ा करवाया गया। डबरी से नियमित पानी सप्लाई करना एक बड़ी चुनौती नगर पंचायत के सामने थी। नगर पंचायत के जल प्रदाय प्रभारी विनोद केसरी ने बताया कि डबरी से पानी की नियमित सप्लाई करते रहे कभी नियमित जलापूर्ति बाधित नहीं हुई। परंतु डबरी से पानी सप्लाई करना चुनौती है क्योंकि प्रतिदिन डबरी को सफाई कराना एवं मोटर में रेत भरने की समस्या हो रही है इसके सफाई के लिए नियमित रूप से मजदूर लगाए जा रहे है। नगर पंचायत रमन अग्रवाल ने बताया कि अप्रैल माह में ही कन्हर के सूखने के बाद नियमित जल आपूर्ति करना सबके लिए बड़ी चुनौती थी।

25-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/25/2024 7:54 PM Page 1



# मुंबई में पौधारोपण कराने निकले अक्षय कुमार



**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच सोमवार 24 जून को मुंबई में पौधारोपण का काम कराने निकले। अभिनेता ने बीएमसी और एक एनजीओ के साथ मिलकर यह काम किया। अक्षय कुमार यूं तो इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों की तैयारियों में जुटे हुए हैं। मगर, अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर वे मुंबई में पौधारोपण करने निकले। खिलाड़ी ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी के साथ मिलकर मुंबई में पौधारोपण किया। बृहन्मुंबई नगर वृक्ष प्राधिकरण और मेक अर्थ ग्रीन अगेन फाउंडेशन के सहयोग से खेरवाड़ी (बांद्रा) में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे के किनारे 200 बहावा पेड़ लगाए जाएंगे।

## लाइफ Style


# त्रिधा

## बैकलेस ड्रेस पहन मीका संग हुईं रोमांटिक

पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ 'आश्रम' की 'बबीता भाभी' यानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसपर यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन देते नजर आए। वेब सीरीज 'आश्रम' में 'बबीता'का किरदार निभाने वाली खूबसूरत एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी अपने लुक्स से लोगों को दीवाना बनाए रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ बेहद हसीन तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। जिसमें वो पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ रोमांटिक होती नजर आई। मीका सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर त्रिधा चौधरी के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।जिसमें दोनों एक-दूसरे की बाहों में पोज देते हुए दिखाई दिए। इन तस्वीरों में त्रिधा चौधरी रेड कलर की हॉट बैकलेस ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने बोल्ड मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है। वहीं, मीका ब्लैक कलर के कोट-पैंट में काफी डेशिंग लग रहे हैं। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। एक यूजर्स ने इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'निराला बाबा को बताऊंगा..'। वहीं दूसरे ने लिखा, 'ये क्या हो रहा है।'




## हॉलीवुड मसाला

# बारटेंडर ने किया बड़ा खुलासा



**लॉस एंजिलिस।** 'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' स्टार जस्टिन टिम्बरलेक इन दिनों अपने टूर पर हैं। सूत्रों की मानें तो वे अपनी गिरफ्तारी से पहले सैग हार्बर के अमेरिकन होटल में दोस्तों के साथ शाम बिताई थी। जब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तब वे नशे की हालत में पाए गए थे, लेकिन गायक ने पुलिस को बार-बार यही कहा था कि उन्होंने सिर्फ एक मार्टिनी पीया है। जस्टिन टिम्बरलेक की गिरफ्तारी के मामले में अब एक नया मोड़ आया है।



# टेलर के कॉन्सर्ट में 'शेक इट ऑफ' पर किया डांस

**नई दिल्ली।** टेलर स्विफ्ट हॉलीवुड की जानी-मानी सिंगर हैं। उनके गाने फैंस को काफी पसंद आते हैं। शुक्रवार को इंग्लैंड के लंदन के वेम्बली स्टेडियम में सिंगर का एरास टूर था, जिसमें टॉम क्रूज, मिला कुनिस, एश्टन कुचर और प्रिंस विलियम समेत कई मशहूर हस्तियां शामिल हुई। इस दौरान वहां से प्रिंस का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक शख्स ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कॉन्सर्ट के दौरान स्टेडियम में भीड़ नजर आ रही है। वहीं, स्टैंड में खड़े होकर प्रिंस विलियम टेलर के परफॉर्मेंस को एन्जॉय कर रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, वह वीडियो में डांस करते हुए और गाने को गाते हुए भी नजर आ रहे हैं।



# ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं जैकलीन


**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह अभी तक एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान स्थापित नहीं कर सकी हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज को लेकर व्यस्त चल रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बतौर अभिनेत्री इस सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी एक पुख्ता पहचान बना पाएंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,अभिनेत्री की इस डेब्यू वेब सीरीज को जियो सिनेमा ने आर्थिक रूप से समर्थन दिया है, जिसका शीर्षक 'गोट' रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस म्यूजिकल ड्रामा की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। जैकलीन की इस डेब्यू सीरीज का पूरा नाम 'ग्रेटेस्ट् ऑफ ऑल टाइम्स' है। इसमें मुख्य अभिनेता के तौर पर नील नितिन मुकेश भी नजर आने वाले हैं।



# उखड़े-उखड़े से लगे सलमान ...

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अब एक -दूसरे के हो गए हैं। कपल अपनी शादी को लेकर इन दिनों खबरों में बना हुआ है। 23 जून का कोर्ट मैरिज करने के बाद कपल ने उसी शाम को बॉलीवुड सितारों के लिए पार्टी रखी। जहां अनिल कपूर, रेखा, काजोल से लेकर अन्य सितारों ने शिरकत की। पार्टी में सोनाक्षी के करीब स्टार सलमान खान और पक्की सहेली हुमा कुरैशी भी शामिल हुईं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल शादी की पार्टी के दौरान सलमान खान ब्लैक आउटफिट में शामिल हुए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच आधी रात को पार्टी में शानदार एंट्री की। हालांकि, इस दौरान सलमान ने फोटो क्लिक करवाने और पोज देने से परहेज किया। रिपोर्ट्स की मानें तो वे बस थोड़ी देर के लिए आए और सीधे अपनी गाड़ी में जाकर बैठ गए।

## टीवी मसाला



# श्रुति और अनुज को दूर कर रही है अनुपमा?

**नई दिल्ली।** आने वाले एपिसोड में अनुपमा को पता चल ही जाएगा कि उसकी स्पाइस एंड चटनी में कॉकरोच कौन डाला था। श्रुति ने इस विवाद में क्या भूमिका निभाई थी। अनुपमा के साथ ही साथ इस बारे में अनुज को भी पता चल जाता है। वहीं, श्रुति इस सच को स्वीकार करते-करते एक ऐसे सच का भी खुलासा करेगी, जिसे सुनकर अनुपमा के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। अनुपमा को कॉकरोच की घटना में श्रुति की भूमिका के बारे में पता चलता है। इस घटना ने उसका करियर बर्बाद कर दिया था। अनुपमा श्रुति की मिसेज स्मिथ से बातचीत सुन लेगी। यह जानने पर, वह श्रुति से भिड़ेगी और उससे इस गंदे काम के पीछे का कारण पूछेगी। वह यह भी बताएगी कि ऐसा करके श्रुति ने उसके करियर, उसके आत्मविश्वास और बहुत कुछ को निशाना बनाया है। अनुपमा की सारी बातें सुनकर श्रुति को गुस्सा आएगा। वह उसे जवाब देने के लिए ऐसे -ऐसे खुलासे करेगी जिसे सुनकर अनुपमा एक बार फिर से बिखर जाएगी।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत के साथ ही मचा बवाल, लवकेश से भिड़े रणवीर


**नई दिल्ली।** मशहूर रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। बीते दिन इसके ग्रैंड प्रीमियर पर शो के नए होस्ट अनिल कपूर ने 16 प्रतिभागियों का स्वागत किया। वहीं, तीसरे सीजन के पहले दिन ही बीबी



हाउस में दो बड़ी लड़ाई देखने को मिली। लाइव फीड से एक वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर शौरी और लवकेश कटारिया के बीच जबरदस्त जुबानी जंग देखने को मिल रही है। वीडियो में देखा जा रहा है कि लवकेश कटारिया के जरिए सोफे पर पैर रखे जाने से रणवीर शौरी अपना आपा खो बैठते हैं। लाइव फीड के मुताबिक, रणवीर और अन्य लोगों को लिविंग एरिया में सामान्य बातचीत करते देखा गया।

# शत्रुघ्न को भी मुस्लिम एक्ट्रेस से हुआ था प्यार

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा मुस्लिम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग शादी कर ट्रोल हो रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस के पिता शत्रुघ्न सिन्हा भी कभी मुस्लिम लड़की से इश्क कर बैठे थे। लेकिन फिर इस वजह से पूनम को बनाया था जीवनसाथी। बेटी की शादी में पापा शत्रुघ्न भी बेहद खुश नजर आए। हालांकि कुछ दिन पहले दिग्गज अभिनेता ने ये कहा था कि आजकल के बच्चे शादी के लिए परमिशन नहीं लेते हैं। जिसके बाद लोगों को लगने लगा था कि शत्रुघ्न अपनी बेटी सोनाक्षी के मुस्लिम लड़के से शादी के फैसले से खुश नहीं हैं।



वैसे शत्रुघ्न सिन्हा भी एक मुस्लिम एक्ट्रेस से इश्क कर बैठे थे। शत्रुघ्न सिन्हा भी अपनी जवानी के दिनों में एक मुस्लिम एक्ट्रेस से दिल लगा बैठे थे। इस एक्ट्रेस का रियल नाम सायरा है। सायरा के पिता मुस्लिम थे और मां हिंदू थीं। सायरा के मां-बाप का तलाक हो गया था। इसके बाद सायरा की मां ने अपने बच्चों का नाम हिंदू कर दिया और सयारा का नाम रूपा हो गया। रूपा जब फिल्मों में आईं तो मेकर ने उनका नाम बदलकर रीना रॉय कर दिया। 70 के दशक में रीना रॉय और शत्रुघ्न सिन्हा का करियर एक साथ ही चमका था।

# फिल्मों में आने से पहले नेशनल लेवल की खिलाड़ी थीं अभिनेत्री किरण खेर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और राजनेता रहीं किरण खेर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा की कई यादगार फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ अपने तेज तर्रार अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। सिख परिवार में जन्मी एक्ट्रेस का 14 जून को 72वां जन्मदिवस है। आज भी उनके फैंस उन्हें फिल्मों में देखना का इंतजार करते हैं। हालांकि, अब उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना ली है।

***पंजाबी फिल्म से की करियर की शुरुआत :*** 14 जून, 1952 को चंडीगढ़ के जाट सिख परिवार में किरण संधू के नाम से जन्मी किरण खेर ने पंजाबी फिल्म 'आसरा प्यार दा' से 1983 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। हालांकि, पहले वह सुनील दत्त की एक फिल्म में काम करने वाली थीं, लेकिन बाद में उसे आर्थिक दिक्कतों की वजह से बंद कर दिया गया था। ऐसे में काफी समय तक एक्ट्रेस मुंबई में काम के लिए संघर्ष करती रहीं और फिर उनके हाथ यह पंजाबी मूवी लगी।



इस फिल्म के बाद किरण ने सिनेमा से लम्बा ब्रेक किया और 1996 में पेस्टनजी के साथ वापसी की। इस मूवी में उन्होंने छोटे से किरदार में अनुपम खेर के साथ काम किया और इसके बाद कुछ टीवी शो को होस्ट भी किया। सही मायनों में उनकी वापसी श्याम बेनेगल की फिल्म सरदारी बेगम से हुई थी।

### दीपिका के पिता के साथ खेला बैडमिंटन

फिल्मी करियर शुरू होने से पहले किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी काफी एक्टिव रही हैं। उन्होंने फर्स्टपोस्ट को दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि मेरी बहन और मैंने प्रकाश पादुकोण (दीपिका पादुकोण के पिता और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी) और उनके साथियों के साथ देश के लिए बैडमिंटन खेला है। मैं स्कूल और कॉलेज के दौरान एक ऑल राउंडर थी।

### अनुपम खेर से की दूसरी शादी

किरण खेर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने पहली शादी गौतम बेरी से की थी, लेकिन वो शादी कुछ सालों तक ही चल पाई और दोनों का तलाक हो गया। पहली शादी से किरण के बेटे सिकंदर का जन्म हुआ। इसके बाद एक्ट्रेस ने अनुपम खेर से शादी की। अनुपम भी उस वक्त संघर्षरत अभिनेता था। दोनों चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के दिनों से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों ने चांदपुरी की चम्बाबाई नाटक में भी काम किया था।

# परदे पर असली डॉन का किरदार निभा चुके हैं ये कलाकार

***नई दिल्ली।*** *फिल्मी परदे पर अक्सर कई कलाकारों को असल जिंदगी के किरदारों को निभाते हुए देखा जाता हैं। दर्शकों का मजा तब दोगुना हो जाता है, जब कोई असली डॉन के किरदार में दिखाई देता है। हिंदी सिनेमा में अपराध जगत की दुनिया के कई डॉन पर फिल्में बनाई जा चुकी हैं, जिनमें कई दिग्गज सितारों ने काम किया था। इमरान हाशमी, इम्तियाज अली, अर्जुन रामपाल और जॉन अब्राहम को भी परदे पर डॉन का किरदार करने का मौका मिल चुका है।*



### इमरान हाशमी

इमरान हाशमी ने 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया था। फिल्म 2010 में रिलीज हुई थी। इसी फिल्म में अजय देवगन ने हाजी मस्तान का रोल अदा किया था। फिल्म में प्राची देसाई और कंगना ने भी काम किया था।



### इम्तियाज अली

जब वी मेट, सोचा ना था, जब हैरी मेट सेजल, रॉकस्टार और तमाशा समेत कई फिल्मों का निर्देशन करने वाले इम्तियाज अली भी फिल्मी परदे पर डॉन की भूमिका निभा चुके हैं। बहुत कम लोग जानते होंगे कि उन्होंने अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' में याकूब मेमन का किरदार निभाया था। यह फिल्म साल 1993 में हुए मुंबई बम धमाकों पर आधारित है।



### अर्जुन रामपाल

साल 2017 में एक फिल्म आई थी, जिसका नाम था- 'डैडी'। इस फिल्म में अर्जुन रामपाल अरुण गवली के किरदार में नजर आए थे, जो गैंगस्टर से नेता बनता है। यह एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन असीम अहलूवालिया ने किया था। फिल्म में ऐश्वर्या राजेश, निशिकांत कामत, अनुप्रिया गोएनका, फरहान अख्तर और श्रीकांत यादव ने भी अभिनय किया था।



### जॉन अब्राहम

जॉन अब्राहम एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'शूटआउट एट वडाला' फिल्म में डॉन मान्या सुर्वे का रोल अदा किया था। यह फिल्म मान्या सुर्वे के मुंबई पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन संजय गुप्ता ने किया था। इसे साल 2013 में रिलीज किया था। फिल्म में मनोज बाजपेयी, तुषार कपूर, सोनू सूद, रोनित रॉय, महेश मांजरेकर, जैकी श्रॉफ और कंगना ने भी अभिनय किया था।

## खबर संक्षेप



### संस्कार स्कूल की यामी कत्थक में ओवर ऑल बेस्ट

**रायगढ़।** ओड़िशा के जगन्नाथपुरी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जहां संस्कार पब्लिक स्कूल की क्लास 1 की नन्हीं छात्रा यामी वैष्णव ने शानदार प्रस्तुति कर ओवर ऑल बेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि जोड़ी के साथ नृत्य में द्वितीय स्थान दीप देववंशी के साथ प्राप्त किया। संस्कार स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी कला को प्रस्तुत किया। जिसमें संस्कार पब्लिक स्कूल की यामी वैष्णव कक्षा 1 की छात्रा है। उनके पिता रूद्र वैष्णव एवं माता प्रिती वैष्णव संगीत के क्षेत्र से जुड़े हुए प्रशिक्षक हैं। यामी वैष्णव के इस सफलता से स्कूल के साथ साथ परिवार एवं जिले का भी नाम रौशन हुआ है।

### राजेश और चाहत एक साल के लिए जिलाबदर

**रायगढ़।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी कार्तिकेया गोयल ने 24 जून को आदेश जारी कर राजेश सिंह, पिता सुभाष सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी लेबर कालोनी, जूटमिल चौकी जूटमिल रायगढ़ एवं चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य, पिता स्व. अरुण शुक्ला, उम्र 23 वर्ष, निवासी रेल्वे स्टेशन, मोटर सायकल स्टैण्ड के पीछे, रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 क एवं ख के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला को चौबीस घंटे के भीतर जिला रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर.चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन कल

**रायगढ़।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सिपेट रायपुर द्वारा रायगढ़ जिले के जरूरतमंद आवेदकों को रोजगार स्थापित करने हेतु 6 माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए 27 जून को प्रातः 10 बजे से मोबिलाईजेशन कैम्प का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में किया गया है। जिसमें पाठ्यक्रम मशीन ऑपरेटर एंड प्रोग्रामर सीएनसी लेथ, मशीन ऑपरेटर एंड प्रोग्रामर सीएनसी मिलिंग, मशीन ऑपरेटर टूल रूम तथा मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग शामिल है। सभी पाठ्यक्रम के लिए 6-6 माह की अवधि एवं 40-40 सीट संख्या निर्धारित है। सभी पाठ्यक्रम के लिए आवेदकों को न्यूनतम 10 वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है।

## निधन

### चंद्र प्रकाश केडिया

**रायगढ़।** स्व. ओमप्रकाश केडिया के पुत्र चंद्र प्रकाश केडिया 43 वर्ष का 25 जून को इलाज के दौरान निधन हो गया। वे अस्वस्थ थे। वे



विजय केडिया पत्रकार संजय केडिया कोरबा, अजय केडिया और शरद केडिया के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा 26 जून बुधवार को सुबह 9 बजे केडिया ब्रदर्स, रामनिवास टाकीज रोड़ स्थित निवास स्थान से निकाली जाएगी।

### साइबर फ्रॉड एवं अन्य अपराधों में अंकुश लगाने नए कानूनों में है कड़े प्रावधान : कलेक्टर

# न्याय संहिता के नए कानून त्वरित न्याय और निर्णय को देंगे बढ़ावा : देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आगामी 1 जुलाई 2024 से लागू हो रही नवीन कानून संहिताओं के संबंध में आज नगर निगम ऑडिटोरियमए पंजरी प्लांटए रायगढ़ में भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार नया कानून ला रही हैए जिससे जनसामान्य को त्वरित न्याय मिलेगाए वहीं अपराधियों को भी जल्द सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून और इसकी धाराओं में किया गया बदलाव 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएगा। इसका उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना हैए इसलिए नवीन कानून के बारे में हर सभी लोगों को जानकारी होना बहुत आवश्यक है। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने कहा कि अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा एवं समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अब सारे रिकार्ड ऑनलाईन और



भारतीय न्याय संहिता पर कार्यशाला में उपस्थित अतिथि।



कार्यशाला में शामिल विभागीय अधिकारी व कर्मचारी।

कम्प्यूटरीकृत हो रहे है। नये कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगीए जिससे न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि हमारा पहला कानून संविधान है। संविधान के अधीन बाकि कानून बनाये एवं अपनाए गए है। आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट के माध्यम से समाज में सामाजिक सौहाद्र्र एवं समरसता बनाए रखने के लिए बनाए गए है। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 1 जुलाई से कानून में हो रहे संशोधन की जानकारी देना है। हमें समझना होगा कि इन कानून से किसी भी तरह से हमारे निजी हितों में परिवर्तन या हनन नहीं हो रहा है, जो कानून प्रणाली में न्याय पाने की जिज्ञासा किसी समाज में होती है उसको और सरल बनाकर उसकी पहुंच बढ़ायी जा रही है। पुराने जमाने में आतंकवादी या साइबर फ्रॉड जैसे क्राईम नहीं होते थे। इन सब को परिभाषा में लाने के लिए जो आज हमारे लिए सामाजिक रूप से आवश्यक है, संशोधित नए कानून में शामिल किया गया है। इसी प्रकार बच्चों एवं महिलाओं के प्रति अपराध पर अंकुश लगाने एवं त्वरित न्याय देने हेतु जरूरी संशोधन किए गए है।

कलेक्टर श्री गोयल ने शिक्षकों को स्कूलए कॉलेजों में बच्चों को जानकारी के साथ ही उपस्थित जनसामान्य को जागरूक करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के निहित प्रावधानों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नया कानून हम सभी के लिए अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु अत्यंत आवश्यक एवं लाभदायक सिद्ध होगी।

#### उद्देश्य आम जनता को त्वरित न्याय दिलाना

इस नये प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है। नए कानूनों में अपराधियों के लिए गंभीर सजा तथा समाज को अपराध मुक्त करने हेतु कड़े प्रावधान सम्मिलित है। नवीन कानूनों के तहत किसी भी व्यक्ति को ऑनलाईन एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा भी प्रदान की गई है। यदि हम नए कानूनों के उद्देश्यों की बात करें तो इनका उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलावए नागरिक अभियुक्त तथा पीड़ित केन्द्रित कानूनों हेतु कल्याणकारी अवधारणा, कानूनी प्रक्रियाओं की सरलताए संक्षिप्त ट्रायल की सरलता, अनुसंधान में नवीन फारेंसिक टेक्नालॉजी का उपयोग, डिजिटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों संबंधी प्रावधानों के साथ समयबद्ध प्रक्रिया का पालन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयानुकूल परिवर्तन किए गए है। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि नए कानून में भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है।

## सोनीपत में आयोजित नीति बूटकैम्प में शामिल होंगे ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री एवं नगर विधायक ओपी चौधरी हरियाणा के सोनीपत में ऋषिहुड विश्वविद्यालय में आयोजित नीति बूटकैम्प के 8 वें संस्करण में बतौर वक्ता आज शामिल होंगे। सोशल मंच मे आयोजन के संबध जानकारी साझा करते हुए ओपी चौधरी ने कहा सबसे कम उम्र के प्रशासनिक अधिकारियों में एक मंत्री तक अपनी यात्रा का संस्मरण साझा करूंगा। गत वर्ष भी आयोजन के दौरान विशेषज्ञोंए चिकित्सकों और छात्रों के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति हुई थी। मंत्री श्री चौधरी ने पुनः देश के भविष्य के नीति निर्माताओं को प्रेरित और परामर्श देने हेतु उत्सुकता जताई है। ओपी चौधरी ने भी कहा ऐसे आयोजन हेतु वे स्वयं प्रतीक्षारत है। विज़न इंडिया फ़ाउंडेशन द्वारा यह आयोजन 2015 में शुरू किया गया। पॉलिसी बूटकैंप भारत की सार्वजनिक नीति और शासन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित 15 दिवसीय प्रीमियर आवासीय बूटकैंप है। वर्तमान में अपने 8वें संस्करण में पॉलिसी बूटकैंप विभिन्न क्षेत्रों में महत्वाकांक्षी सार्वजनिक नेताओं और नीति उत्साही लोगों के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में कार्य करता है। पॉलिसी बूटकैंप को समग्र शिक्षण अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक क्यूरेट किया गया है ताकि देश के लिए भावी नेता तैयार हो सके। तीस वर्ष से अधिक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त नीति सुपरस्टार 15 दिनों तक गहन नीति अध्ययन करते है जिसमे लगभग 100 घंटे से अधिक बौद्धिक अन्वेषण होता है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश से ओपी चौधरी बतौर वक्ता शामिल होंगे।



## राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक महाराष्ट्र मंडल चौबे कॉलोनी रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें जगदलपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग राजनांदगांव एवं कोरबा क्षेत्र के सदस्य उपस्थित हुए।



अभियंता संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न क्षेत्र से उपस्थित हुए सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र की समस्याएं एवं मांगों के संबंध मे विचार व्यक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से वितरण केंद्र उपसंभाग एवं जोन में तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी पर ध्यान केंद्रित किया गया जिसके कारण उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं का समय पर निराकरण न होने से उपभोक्ताओं मे रोष व्याप्त हो रहा है एवं कंपनी की छबि धूमिल हो रही है। साथ ही ओ एंड एम एवं सुरक्षा सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता न होने से फील्ड मे पदस्थ कनिष्ठ एवं सहायक अभियंता को लाइन ब्रेक डाउन के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं विद्युत आपूर्ति बहाल करने में समय लग रहा है, जिससे जनप्रतिनिधियों मे रोष व्याप्त है एवं कंपनी प्रबंधन फील्ड की वास्तविक समस्याओं को जानते हुए भी कमियों को दूर करने के बजाय दमन कारी नीति अपनाते हुए लगातार कनिष्ठ एवं सहायक अभियंता पर दंडात्मक कार्यवाही कर रहा है। जिसका संघ के द्वारा कड़ा विरोध किया गया एवं की गयी कार्यवाही को तत्काल निरस्त करने की माँग की गई।

वर्तमान मे वितरण कंपनी में तकनीकी कर्मचारियों के लगभग 70 प्रतिशत पद रिक्त पड़े हैं, संघ के द्वारा नियमित कर्मचारी के रिक्त पदों के एवज मे बाह्य स्त्रौत से सभी वितरण केंद्रों उपसंभाग एवं जोन कार्यालय में तीनों पाली में कुशल एवं अकुशल श्रमिकों की गैंग प्रदान किये जाने की माँग रखी गई और साथ ही सभी वितरण केंद्रों में कॉल सेंटर की व्यवस्था की जाये जिससे उपभोक्ता अपनी विधुत संबंधित समस्याओं को कॉल सेंटर में दर्ज करा सके।

संघ के सदस्यों द्वारा सभी वितरण केंद उपसंभाग एवं जोन मे सभी क्षमता के तीन तीन ट्रांसफॉर्मर इम्प्रेस्ट आधार पर उपलब्ध किये जाने की माँग की गई। सभी मांगों पर चर्चा हेतु कंपनी के अध्यक्ष से वार्ता कर फील्ड में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने की बात की गई एवं समस्या का समाधान न होने की स्थिति में आंदोलन किए जाने पर सहमति बनी।

### जेसीआई रायगढ़ सिटी का मिडकान इवेंट

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा इस वर्ष के 6 महीनों के सफल यात्रा के पूर्ण होने पर संस्था द्वारा अपने मेंबर्स एवं उनके परिजनों हेतु एक मीडकान इवेंट अर्थात मध्यांतर कार्यक्रम का आयोजन होटल श्रेष्ठ जिंदल रोड रायगढ़ में 23 जून को किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के लगभग सभी सदस्य अपने परिजनों के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान रायगढ़ शहर में संस्था की स्थापना से लेकर अभी तक के सभी अध्यक्षों के कार्यकाल की झलकियां प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की गई। संस्था द्वारा इस दौरान अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया गया, इसमें सभी पूर्व अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह, वाइस प्रेसिडेंटस अवार्ड, वर्ष के दौरान बढ़िया कार्य करने वाले सदस्यों को भी अवार्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान 1 मिनट कपल कंपटीशन प्रोग्राम, टैलेंट प्रोग्राम, डांसिंग, सिंगिंग प्रोग्राम इत्यादि अनेक प्रकार के मनोरंजन कार्यक्रम संस्था द्वारा कराए गए। इस प्रोग्राम के दौरान बच्चों के मनोरंजन हेतु विशेष रूप से गेम्स जोन बनाए गए थे जिससे कि बच्चे वहां जाकर अपना भरपूर मनोरंजन कर सकें।

## उत्पात से परेशान शराबी बेटे की पिता ने की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

शराबी बेटे के उत्पात से परेशान पिता ने ऐसा खौफनाक कदम उठाया है कि हर किसी के रूह कांप गए। बेटा शराबी था और पूरे परिवार के नाक में दम कर रखा था। जिस पिता ने पाल पोस कर उसे बड़ा किया था। उसी ने ही अपने शराबी बेटे को मौत के घाट उतार दिया।

मामला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरिया थाना के ग्राम लुकापारा पर की घटना है। जटाधारी साहू 55 वर्ष ने अपने ही बेटे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है। नशे की लत सिर्फ उस इंसान को ही नहीं बल्कि उस परिवार के बेगुनाह लोगों की भी जिंदगी पर असर डालती है और जानलेवा साबित होता है। ऐसा ही कुछ हुआ है। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुकापारा में जहां रहने वाले जटाधारी साहू ने अपने बेटे की हत्या कर दी। जिस बेटे को पाल पोष कर हर मुसीबत में साथ दिया। उसी बेटे को कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि जटाधारी साहू के दो पुत्र में से बड़ा



पुत्र फणीन्द साहू 26 वर्ष को 24 जून सुबह से रात तक घर वालों को परेशान कर रहा था। तथा घर में रखे सामान को तोड़फोड़ कर नष्ट किया था। रात को करीब 2 बजे के आसपास फणीन्द साहू के पिता जटाधारी साहू ने आक्रोश में आकर अपने नशेड़ी बेटे की हत्या की। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर थाना प्रभारी सरिया प्रमोद यादव तत्काल घटना ग्राम लुकापारा पहुंची और सर्वप्रथम शव को अपने कब्जे में लेकर आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि आरोपी के पुत्र फणीन्द साहू के नाम पर सरिया थाने में अपराध पंजीबद्ध हैं तथा इसके घर वाले इनके उत्पात से परेशान रहते थे। काफी समझाने का बाद भी फणींद्र साहू अपने क्रियाकलापों में सुधार नहीं किया बल्कि और उत्पात करता रहा। जिससे परेशान होकर पिता ने खौफनाक कदम उठाया। सरिया पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम करा कर उनके परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। इस संबंध में एसडीओपी सारंगढ़ अविनाश मिश्रा भी सरिया थाना पहुंचकर आरोपी से एवं उनके परिवार से पूछताछ कर घटना स्थल से भी जानकारी लेकर थाना प्रभारी को आगे की कार्रवाई हेतु निर्देश किया। पुलिस ने आरोपी पिता जटाधारी साहू के खिलाफ अपराध धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया।

**आरोपी गिरफ्तार**

शराबी बेटे से परेशान होकर पिता ने कुल्हाड़ी से हत्या की है। घटना के बाद आरोपी अपने घर में ही था। आरोपी ने अपराध कबूल किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**प्रमोद यादव**
थाना प्रभारी सरिया

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी सारंगढ़ से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना घरघोड़ा में नाबालिक बालिका उसके परिजनों के साथ आकर अजय परिवर्तित नाम निवासी खरसिया' के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई।

बालिका के लिखित आवेदन अनुसार जनवरी 2024 को अजय इसके गांव सड़क बनाने मजदूरी का काम करने आया था जिससे जान परिचय हुआ और अजय से मोबाइल पर बात करती थी। अजय ने 01 मार्च 2024 को स्कूल से घर वापस लौटते समय जंगल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया था। बालिका के रिपोर्ट पर धारा 376,2,द और 4,6 पॉक्सो एक्ट कायम कर महिला संबंधी अपराध में समय सीमा का परिपालन करते हुए तत्काल घरघोड़ा पुलिस संदेही अजय परिवर्तित नाम को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में संदेही अजय द्वारा बालिका से केवल मोबाइल में बातचीत करना बताते हुए बालिका से कभी नहीं मिलना कहकर घटना कारित करने से इनकार किया। बालिका के बताए अनुसार घटना 1 मार्च 2024 का संदेही के मोबाइल डिटेल की भी जांच की गई जो बालिका के बताये घटनास्थल से भिन्न था। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी एवं न्यायालयीन कथन पृथक से कराया गया जिसमें बालिका ने अजय से केवल बातचीत होना बताई और परिवारवालों के डर से आनन फानन में अजय के नाम पर दर्ज करायी जबकि असल में उसके साथ दुष्कर्म राजेश पाल निवासी पोडीदलहा अकलतरा हाल मुकाम चिराईपानी रायगढ़ ने किया है। घरघोड़ा पुलिस द्वारा संदेही राजेश पाल और पीड़ति का मोबाइल का डिटेल निकल गया ।



### निलंबित पटवारी की इलाज के दौरान मौत

**रायगढ।** खरसिया एसडीएम ने 14 जून को पटवारी गोविंद सिदार को सस्पेंड किया था। उसी दिन वह रायगढ़ के अस्पताल में एडमिट हुआ था। पूर्व में जशपुर में ड्यूटीरत पटवारी गोविंद सिदार की एक साल पहले खरसिया ट्रांसफर किया गया था। लेकिन चार महीने पहले ही उसे रिलीव किया गया था। 14 जून को खरसिया एसडीएम प्रियंका वर्मा ने नक्शा बटांकन एवं अभिलेख शुद्धता कार्य में लापरवाही पाते हुए पटवारी गोविंद सिदार को निलंबित किया था। वह बसनाझर हलके में पदस्थ था। कार्य में अपेक्षा अनुरूप प्रगति नहीं होने पर गत 14 जून को एसडीएम ने पटवारी को निलंबित कर दिया था। जानकारी मिली है कि उसी दिन गोविंद सिदार निवासी सुर्री पुसौर की तबीयत बहुत ज्यादा खराब हुई तो उसको रायगढ़ में भर्ती किया गया। कार्मेल स्कूल के सामने डॉण आर पटेल के हॉस्पिटल में भर्ती था। उसकी किडनी खराब हो गई थी। डायलिसिस की जरूरत थी।

## हेलमेट वितरण कार्यक्रम में शामिल राज्यसभा सांसद

**तमनार।** जिले के ओद्योगिक क्षेत्र थाना तमनार राममंदिर चौक में 24 जून को राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ पुलिस द्वारा हेलमेट वितरण किया गया। बिना हेलमेट वाहन चालकों को चालानी कार्रवाई पश्चात निःशुल्क हेलमेट का वितरण कर यातायात नियमों का पालन करने संदेश दिया गया। बता दे कि रायगढ़ जिले में सर्वाधिक दुर्घटनाएं धरमजयगढ़ अनुविभाग के तमनार घरघोड़ा में हुई है। प्रशासन, पुलिस, परिवहन विभाग के साथ तमाम एजेंसी यातायात दुर्घटनाओं को कम करने और मृत्यु दंड में कमी लाने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है पर इस सब के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी वाहन चालकों की हैं। राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का




पालन करने तथा स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने प्रेरित किया गया और परिवारजनों को भी हेलमेट पहनने की बात कही। उन्होंने रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट निशुल्क वितरण अभियान को सराहनीय पहल बताया। डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताए कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने हेलमेट वितरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में कुल 16 ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित किया गया है जिसमें 10 नेशनल हाईवे और 04 स्टेट हाईवे में है तथा एक घरघोड़ा.तमनार व एक घरघोड़ा, लैलूंगा मार्ग पर है। वाहन चालकों को स्वयं की सुरक्षा के लिये यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है । सड़क हादसों में बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों की मौतें ज्यादा हुई है जिला पुलिस की अपील है कि दुपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह, डीएसपी अभिनव उपाध्याय, तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य नागरिक यातायात पुलिस एवं थाना तमनार पुलिसकर्मियों की विशेष सहभागिता रही।

### जोबी कॉलेज में किया गया योगाभ्यास

**जोबी।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में शुक्रवार 21 जून को योग दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योग के महत्व को बढ़ावा दिया गया और योगाभ्यास के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम का हाइलाइट योगाभ्यास की कक्षा थी, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित लोगों ने सुबह 7 से 9 बजे के बीच योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। इस दौरान, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र पाल दर्शन द्वारा ताड़ासन, भुजंगासन, शवासन, पद्मासन और वीरभद्रासन सहित अन्य क्रियाएं कर अभ्यास करवाया गया। इसके अलावा, एक छोटी सी कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें योग के आसनों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दर्शाया गया ।







